अमर उजाला 15/12/2024

खिलाड़ियों ने फिट इंडिया खेलों में दिखाया जोश

जीएमएन कॉलेज में फिट इंडिया खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते खिलाड़ी। कॉलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में फिट इंडिया सप्ताह के अंतिम दिन शारीरिक शिक्षा विभाग तथा एन सी सी गर्ल्स और बॉयज विंग की ओर से खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया।

करीब 39 छात्रों तथा 41 कैडेट्स ने इसमें सक्रिय भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि यह सभी गतिविधियां जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त निर्देश पर की जा रही थी उनका आज अंतिम दिन रहा। मेधावी छात्रों को छात्रवृति प्रदान करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। साक्षात्कार प्रक्रिया में छात्रों के आवेदन प्रपत्रों के आधार पर निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित किया गया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कॉलेज की छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए बताया कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होते हैं।

इसके साथ ही कॉलेज के वाणिज्य विभाग की ओर से निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में निवेश के महत्व के बारे में समझाया गया। इस कार्यक्रम में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक वर्ग के 40 से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया एवं इसे अत्यधिक उपयोगी पाया।